तापमान
अधिकतम 24.0 डिग्री
न्यूनतम 10.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, बुधवार, 5 मार्च 2025

12 गुहला: अवैध निर्माण पर चलाया पीला पंजा



12 शहर में साफ-सफाई-सुंदर बनाने के लिए प्रशासन...





## खबर संक्षेप

### काकड़ोद में नौ को कबड्डी प्रतियोगिता

जींद। नौ मार्च को काकड़ोद में तृतीय नेशनल स्टाईल कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित होगी। उद्घाटनकर्ता के तौर पर मुख्य अतिथि श्रीपंच दशनाम जूना अखाड़ा महंत रामचंद्र गिरी, नायब तहसीलदार यशवंत होंगे। समापन पर पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह पहुंचेंगे। विजेता को 11 हजार, द्वितीय को 7100, तृतीय को 4100, चतुर्थ को 3100 एवं पांच से लेकर 8वें स्थान तक रहने वाली टीम को 1100 रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा।

### 23 को जाट धर्मशाला में रक्तदान शिविरः प्रदीप

जींद। युवा विकास समिति द्वारा शहीद भगत सिंह के बलिदान दिवस पर रक्तदान शिविर और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन 23 मार्च को जाट धर्मशाला किया जाएगा। समिति अध्यक्ष प्रदीप रेढू ने बताया कि युवा विकास समिति कई वर्षों से शहीद भगत सिंह के शहीदी दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन कर रही है।

### विद्यालय से इनवर्टर और बैटरी चोरी, शिकायत दर्ज

जींद। राजकीय कन्या प्राथमिक पाठशाला बुआना से चोरों ने एक इनवर्टर और दो बैटरी चोरी कर ली। जुलाना थाना पुलिस ने अध्यापिका की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। राजकीय कन्या प्राथमिक पाठशाला की शिक्षिका सरोज बाला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह एक मार्च को स्कूल ठीक तरीके से बंद करके गई थी। तीन मार्च को जब स्कूल पहुंची तो एक कमरे का कुंडा टूटा हुआ मिला।

### छह को जोतराम मंदिर में जागरण और भंडारा होगा

जींद। छह मार्च को लितानी रोड अंडरपास के पास स्थित बाबा जोतराम मंदिर में 12वां विशाल जागरण एवं भंडारा आयोजित होगा। भगत विनोद पांचाल एवं सुरेश नैन ने बताया कि रामधन गोस्वामी, अमित ढूल, मुकेश शर्मा, राजफूल कुचरानिया, ओमबीर, संजय सिंहमार, अजय स्टार आमंत्रित कलाकार होंगे। दोपहर एक बजे से शाम चार बजकर 15 मिनट तक हवन होगा।

### रा. कॉलेज में विकसित भारत युवा संसद 16 को

जींद। राजकीय कालेज में प्राचार्य सत्यवान मलिक की अध्यक्षता में विकसित भारत युवा संसद 2025 की तैयारी को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में प्रतियोगिता में विद्यार्थियों की भागीदारी सुनिश्चित करने और उनकी प्रभावी तैयारी के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। चयनित को जिला स्तर राज्य स्तर और राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने का अवसर मिलेगा।

### हमला कर तीन को किया घायल, केस

जींद। बतख चौक स्थित हरि नगर में दो महिलाओं सहित आधा दर्जन लोगों ने हमला कर तीन युवकों को घायल कर दिया। पुलिस ने घायल की शिकायत पर आधा दर्जन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। हरि नगर निवासी कमल सैनी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि दो को शाम के समय हिमांशु की गाड़ी गोरी लेकर आया और उनके घर के सामने खड़ी कर दिया।

### स्वास्थ्य के प्रजि सजग रहना चाहिए : डा. प्रेम

जींद। राजकीय कालेज प्राचार्य सत्यवान मलिक की अध्यक्षता व महिला प्रकोष्ठ विभाग के तत्वावधान में सात दिवसीय विशेष गतिविधियों का मंगलवार को दूसरा दिन रहा। महाविद्यालय के प्राचार्य सत्यवान मलिक ने इस अवसर पर मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण पर चर्चा की। कॉलेज की स्नातक व स्नातकोत्तर की लगभग 50 से अधिक छात्राओं ने भाग लिया।

### ई-क्षति पोर्टल पर 20 तक खराबे की रिपोर्ट दर्ज होगी

जींद। उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि राज्य सरकार के द्बक्तसलें के अनुसार जिला में 28 द्बक्तरवरी व एक मार्च को हुई भारी बरसात व ओलावृष्टि के प्रभाव से जिन किसानों की रबी 2025 की द्बक्तसलों में नुकसान हुआ है, ऐसे प्रभावित किसान फसल नुकसान की रिपोर्ट ई क्षति पोर्टल पर 20 मार्च तक अपलोड कर सकते हैं।

किसानों के लिए सिरदर्द बना चोर पुलिस गिरफ्त में

# आरोपित ने सोलर कंट्रोलर चोरी की 21 वारदातें कबूलीं

नरवाना, उचाना, उकलाना, बरवाला, अग्रोहा, टोहाना, हांसी में दिया चोरी की वारदातों को अंजाम

## उकलाना मंडी में इलेक्ट्रिशियन का काम करता है आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

थाना सदर नरवाना में चोरी के मामलों का खुलासा करते पुलिस ने एक आरोपित को काबू किया है। पूछताछ के दौरान आरोपित ने 21 चोरी की वारदातों को कबूल किया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान हांसावाला टोहाना फतेहाबाद हाल आबाद उकलाना निवासी सुल्तान के तौर पर हुई।

उप पुलिस अधीक्षक नरवाना अमित भाटिया ने मंगलवार को पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि नरवाना के आसपास के क्षेत्र में सौर ऊर्जा प्लेटों व कंट्रोलरों की एक ही पैटर्न में चोरियां लगातार हो रही थी। जिस पर पुलिस द्वारा पीड़ित किसानों की शिकायत पर मामले दर्ज किए जा रहे थे। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए हांसावाला टोहाना फतेहाबाद हाल आबाद उकलाना निवासी सुल्तान को गिरफ्तार किया। सुल्तान ने पूछताछ के दौरान बताया कि उसने 30 के करीब वारदात की हैं। जिनमें से उसने 21 वारदातों की में पुलिस ने रिकवरी कर ली है। जिसमें सात मामले सदर नरवाना, छह उचाना, चार उकलाना, एक बरवाला, एक सदर टोहाना, एक सदर हांसी, एक अग्रोहा के हैं। सौर ऊर्जा के एक कंट्रोलर की कीमत करीब 40-50 हजार रुपये है व आरोपित इन्हें 20 से 25 हजार रुपये में बेच देता था।

गौरतलब है कि 29 जनवरी को थाना सदर नरवाना में दलबीर वासी गांव सच्चाखेड़ा ने शिकायत देकर बताया था कि खेत में सिंचाई के लिए 10 एचपी का सोलर पंप लगवा रखा था। किसी ने सोलर के कंट्रोलर को चोरी कर लिया। इसी तरह पड़ोसी किसान कुलदीप के खेत से भी कंट्रोलर को चोरी कर लिया था। सदर थाना नरवाना पुलिस ने चोरी के मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। पुलिस अधीक्षक ने मामले को संज्ञान में लेते हुए जल्द से जल्द आरोपितों का पता लगा कर उन्हे गिरफ्तार करने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए थे। जिनकी पालना करते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह के नेतृत्व में दनौदा चौकी की टीम ने आरोपित को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की।



जींद। पुलिस गिरफ्त में चोरी के सामान के साथ सुल्तान। फोटो :हरिभूमि

### रेकी करता था आरोपित

पूछताछ के दौरान आरोपित सुल्तान ने बताया कि वह उकलाना मंडी में इलेक्ट्रिशियन का काम करता है। पहले वह शक्ति सौर ऊर्जा की कंपनी में खेतों में सोलर पंप की प्लेट व कंट्रोलर लगाने का काम करता था। वह काफी समय पहले शक्ति कंपनी से बाहर हो गया था। उसके बाद वह निजी तौर पर खेतों में जाकर किसानों के ट्यूबवेल पर सौर ऊर्जा प्लेटों व कंट्रोलरों की सर्विस करने लगा। उसने लालच में आकर खेतों से सौर उर्जा प्लेटों व कंट्रोलरों चोरी करने लगा। वह अपनी बाइक पर खेतों में लगे सौर ऊर्जा प्लेटों व कंट्रोलरों की रेकी करता था। शाम को मोटर व कंट्रोलरों को चोरी करके बेच देता था। उसने करीब 30 वारदातों को अंजाम दिया है। जिनमें से कुछ स्थानों का उसे ध्यान भी नहीं है कि उसने कहां से चोरी की थी।

# सुरक्षा नियमों की दिलाई शपथ

- ट्रैफिक पुलिस ने किया आईटीआई के विद्यार्थियों को जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

ट्रैफिक पुलिस द्वारा नरवाना की आईटीआई के विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाया । विद्यार्थियों को शपथ दिलाई कि वे हमेशा यातायात नियमों का पालन करेंगे और अपनी व दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे। कार्यक्रम में ट्रैफिक पुलिस के हेड कांस्टेबल भीम सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते कहा कि ष्युवा हमारे देश की रीढ़ हैंए इसलिए उन्हें सड़क सुरक्षा से जुड़ी सभी जरूरी जानकारियां होनी चाहिए।ष उन्होंने विद्यार्थियों को हेलमेट और सीट बेल्ट पहननेए ट्रैफिक सिग्नल का पालन करने और वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग न करने की सलाह दी। वाहनों के पीछे लटकने पर सख्त हिदायत हेड कांस्टेबल भीम सिंह ने विद्यार्थियों को ट्रैक्टर.ट्रॉलीए बसए ट्रक या अन्य वाहनों के पीछे लटकने के खतरों के बारे में भी जागरूक किया। उन्होंने कहा कि ष्मस्ती के लिए या जल्दी पहुंचने के चक्कर में इस तरह का खतरनाक कदम उठाना जानलेवा हो सकता है। कई बार वाहन संतुलन खो बैठते हैं।



नरवाना। विद्यार्थियों को शपथ दिलाते ट्रैफिक पुलिसकर्मी। फोटो :हरिभूमि



जींद। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में दमखम दिखाते खिलाड़ी। फोटो :हरिभूमि

### खेल से व्यक्तित्व का निर्माणः प्रो. सोमनाथ सचदेवा

जींद। चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में खेल परिषद के द्वारा आयोजित उत्तर क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय हैंडबाल महिला प्रतियोगिता मंगलवार को संपन्न हुई। प्रतियोगिता में पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा रहे। प्रतियोगिता में सीआरएसयू की टीम प्रथम रही जबकि सीबीएलयू उपविजेता रही। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा सभी खिलाडियों से परिचित हुए और कहा कि यह आयोजन महिला सशक्तिकरण और खेलों में उनकी भागीदारी को बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने खिलाडियों को खेल के जो लाभ होते हैं, उनके बारे में विस्तार से बताया कि खेल से व्यक्तित्व का निर्माण होता है, व्यक्ति स्वस्थ होता है, स्वस्थ दिमाग होता है, रोगों से लडने की क्षमता शरीर में बढ़ती है और साथ के साथ वह सामाजिक स्तर पर भी बलिष्ठ बनता है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पद्मश्री व अर्जन अवार्ड राजेश हुड्डा व चांदराम रहे। मंच संचालन योग विभाग की सहायक प्राध्यापिका सुमन ने किय। अंत में सभी विजेता टीमों को ट्राफियां देकर सम्मानित किया गया।

### ट्रैफिक पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

नरवाना। शहर के व्यस्ततम चौकों में से एक विश्वकर्मा चौक पर मंगलवार को ट्रैफिक पुलिस द्वारा एक यातायात जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत पुलिस कर्मियों ने लोगों को ट्रैफिक लाइट के महत्व और यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक किया। पुलिस अधिकारियों ने राहगीरों और वाहन चालकों को बताया कि रेड लाइट जलने पर वाहन को ज़ेब्रा क्रॉसिंग से पहले रोकना जरूरी है। उन्होंने यह भी समझाया कि कई लोग ट्रैफिक सिग्नल की अनदेखी कर सड़क पार करते हैं या रेड लाइट होने के बावजूद आगे बढ़ते हैंए जिससे दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। अधिकांश लोग यह समझते हैं कि ट्रैफिक लाइट सिर्फ वाहन चालकों के लिए होती हैए लेकिन पुलिस कर्मियों ने स्पष्ट किया कि पैदल चलने वालों को भी ट्रैफिक सिग्नल का पालन करना चाहिए।

### जल्द चुना जाएगा विपक्ष के लिए कांग्रेस का नेता : सिंह

जींद। पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह ने भाजपा सरकार के नॉनस्टॉप हरियाणा योजना पर सवाल उठाते कहा कि यह जुमले होते हैं। जुमलों में भाजपा बहुत माहिर है। वो इस मामले में चैंपियन है। वो राष्ट्रीयस्तर पर हो या प्रदेश स्तर पर हो। भाजपा की किस्मत थी या पर्दे के पीछे कुछ ओर था, उनकी सरकार बनी है। सरकार से लोगों को अपेक्षाएं पहले भी लंबी चौड़ी नही थी, अब भी लंबी चौड़ी नही हैं। लोगों का जो रूझान था वो स्पष्ट था भाजपा को सत्ता से बाहर करना चाहते थे। पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। कहा कि जो चुनाव परिणाम को लेकर जो याचिका दायर की है, उसमें वो बिंदू मुख्य रूप से रखा गया है कि जो कैंसिल वोट होते हैं यदि उसका अंतर हार-जीत के अंदर से यदि ज्यादा है तो गिनती खत्म होने के बाद उन सभी कैंसिल वोटों की दोबारा से जांच रिटेर्निंग अधिकारी को मौके पर करनी होती है।



पत्रकारों से बातचीत करते हुए पूर्व सांसद एवं कांग्रेस नेता बृजेंद्र सिंह।



जींद। निरीक्षण करते सीजेएम। फोटो :हरिभूमि

### नशा मुक्ति केंद्र का औचक निरीक्षण किया

जींद। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मोनिका ने सोमनाथ मंदिर के पास स्थित नशा मुक्ति केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान उन्होंने वहां उपस्थित लोगों को नशे की परिभाषा, उसके प्रकार तथा प्रतिबंधित एवं चेतावनी युक्त नशों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारत में वर्ष 1985 से एनडीपीएस एक्ट नार्कोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटेंस एक्ट लागू किया गया है। जिसके अंतर्गत नशे से जुड़े अपराध संज्ञेय और अजमानतीय माने जाते हैं। इसका अर्थ है कि ऐसे मामलों में कठोर दंड का प्रावधान है ताकि नशे की प्रवृत्ति को रोका जा सके। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है बल्कि समाज के लिए भी घातक सिद्ध होता है और इसके कारण कई सामाजिक समस्याएं उत्पन्न होती हैं।

### निर्देशों की अवहेलना पर होगी कार्रवाईः डीसी

जींद। जिला प्रशासन आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए लगातार प्रयासरत है। प्रशासन द्वारा नियमित रूप से समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जहां नागरिक अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रख सकते हैं। उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि प्रशासन द्वारा हर रोज सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर आयोजित किया जाता है। इसका उद्देश्य नागरिकों को एक ही स्थान पर उनकी समस्याओं के समाधान की सुविधा प्रदान करना है। इसी कड़ी में मंगलवार को आयोजित समाधान शिविर में डीसी और पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने स्वयं मौजूद रह कर नागरिकों की समस्याएं सुनी। इस दौरान कुल 12 शिकायतें प्राप्त हुई। जिनमें से एक समस्या का समाधान मौके पर ही कर दिया गया।



जींद। समाधान शिविर में जनसमस्याएं सुनते डीसी। फोटो :हरिभूमि



नगूरां के ईंट भटठे पर खून की जांच करती स्वास्थ्य विभाग की टीम।

### डेंगू और मलेरिया के प्रति किया जागरूक

अलेवा। स्वास्थ्य विभाग नगूरां की टीम ने नगूरां, दिल्लूवाला, दालमवाला समेत विभिन्न गांवों के ईंट भट्ठे, हैचरी, पोल्ट्री फार्मो आदि पर लोगों को डेंगू तथा मलेरिया के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगूरां पीएचसी के स्वास्थ्य निरीक्षक नरेंद्र ढांडा ने की। इस दौरान प्रवासी जनसंख्या आधारित स्थानों पर लोगों को जागरूक करते हुए स्वास्थ्य निरीक्षक ने कहा कि यदि साफ-सफाई ओर स्वास्थ्य में है विश्वास, तो डेंगू की बीमारी हमारे आसपास नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि ईंट भट्ठों पर बनी झुग्गी झोपडि़यों आदि में रखे बर्तनों, घर की नालियों, होदी, ड्रम, पानी के कटेंनरों आदि को सप्ताह में एक बार अवश्य साफ करें। घर के आसपास नालियों व खड़े पानी में काला तेल, डीजल जरूर डालें ताकि मच्छर का लारवा खत्म हो सके। उन्होंने कहा कि डेंगू एडिज मच्छर के काटने से फैलता है।



जींद। छात्राओं को सम्मानित करते डिप्टी सीएमओ डा. रमेश पांचाल।

### पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में अंकिता रही प्रथम

जींद। राजकीय महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना तत्वावधान में नशा एक अभिषाप मुहिम के तहत विस्तार व्याख्यान और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य जयनारायण गहलावत ने की और संचालन कार्यक्रम अधिकारी डा. प्रतिमा ने किया। स्वयंसेविकाओं ने नशा एक अभिषाप विषय पर पोस्टर बना कर समाज और कॉलेज की अन्य छात्राओं को जागरूक किया। पोस्टरों के माध्यम से स्वयंसेविकाओं ने दिखाया कि किस प्रकार से नशा समाज को खोखला कर रहा है और युवाओं को अपनी चपेट में ले रहा है। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में अंकिता बीए द्वितीय वर्ष प्रथम रही। जबकि धनीशा इंग्लिश ऑनर्स द्वितीय और मनीषा बीएससी और अंशिका संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रही। पोस्टर मेकिंग के लिए आवश्यक सामग्री और पुरस्कार नागरिक अस्पताल जींद द्वारा प्रदान की गई। कार्यक्रम में डिप्टी सीएमओ डा. रमेश पांचाल ने मुख्य वक्ता के रुप में शिरकत की।

# 400 मीटर रेस में पुरूषोत्तम प्रथम

- राजीव गांधी कालेज में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

उचाना स्थित राजीव गांधी कालेज में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित हुई। प्रतियोगिता के समापन पर मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह पहुंचे। पूर्व सांसद ने कहा कि विद्यार्थी शिक्षा के साथ.साथ खेलों के माध्यम से भी अपने क्षेत्र का नाम रोशन कर सकते है। हरियाणा के खिलाड़ी निरंतर पदक जीत कर प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। जिस खेल में रूचि हो उस खेल को खिलाड़ी खेले ताकि उसमें बेहतर कर सकें। पहले खेलों की तरफ ध्यान कम होता था। अब समय के साथ बदलाव हुआ है। खेलों की तरफ रूझान निरंतर बढ़ रहा है। जीवन में शिक्षा, खेलों का महत्व है। कॉलेज स्तर पर होने वाली प्रतियोगिताओं में आगे आने का अवसर मिलता है। लड़कियों में नवनीतए लड़कों में रविंद्र को बेस्ट एथलीट ॲवार्ड से सम्मानित किया। लड़कों में पांच हजार मीटर रेसमें रविंद्र प्रथम, पुरूषोत्तम द्वितीय, 1500 मीटर रेसमें रविंद्र प्रथम, पुरूषोत्तम द्वितीय, मनीष तृतीय, 800 मीटर रेस में पुरूषोत्तम प्रथम, रविंद्र द्वितीय, रोहित तृतीय, 400 मीटर रेसमें पुरूषोत्तम प्रथम, रोहित द्वितीय, रविंद्र तृतीय, लंबी कूदमें अजय प्रथम, मंजीत द्वितीय, रणदीप तृतीय, शॉटपुट में कुलप्रीत प्रथम, अंकित द्वितीय, मंजीत तृतीय रहे।



जींद। वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ी। फोटो :हरिभूमि



जींद। खटकड़ पहुंचे सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा के नेता स्वामी आर्यवेश।

### सात मार्च को अंतरराष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन होगा

जींद। सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा के नेता स्वामी आर्यवेश खटकड़ गांव में पहुंचे। रोहतक के टिटोली स्थित स्वामी इंद्रवेश विद्यापीठ आश्रम में आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय आर्य विद्वत महासाम्मेलन का निमंत्रण दिया। उनके साथ आयोजन समिति के सदस्य सार्वदेशिक आर्य युवक परिषद के प्रदेश कार्यकारी प्रधान सज्जन राठी, प्रांतीय महासचिव अशोक आर्य, अजीतपाल आर्य, अशोक जांगड़ा, डा. राजपाल आर्य, सतपाल सरपंच भी साथ रहे। स्वामी आर्यवेश ने बताया कि आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानंद सरस्वती जी के 200वें जन्म जयंती वर्ष एवं आर्य समाज स्थापना के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर एवं स्वामी इंद्रवेश के 88वें जन्म दिवस के उपलक्ष में अंतरराष्ट्रीय आर्य विद्वत महासम्मेलन का आयोजन 7, 8, 9 मार्च को स्वामी इंद्रवेश विद्यापीठ आश्रम टीटोली रोहतक में किया जाएगा। शुभारंभ विश्व विख्यात योग गुरु स्वामी रामदेव सात मार्च को करेंगे। नोबेल शांति पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी, शहीदे आजम भगत सिंह के भतीजे सरदार किरणजीत सिंह आठ मार्च को मुख्यअतिथि के रूप में पहुंचेंगे। आयुर्वेद शिरोमणि आचार्य बालकृष्ण समापन समारोह के मुख्यअतिथि रहेंगे।

**लापरवाही** आंगनवाड़ी में बांटी गई एक्सपाइरी सैनेटरी पेड और चॉकलेट

# गांव पौली में महिलाओं के स्वास्थ्य के साथ किया जा रहा खिलवाड़

महिलाओं ने वर्कर्स द्वारा की जा रही लापरवाही के खिलाफ जांच की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

जुलाना क्षेत्र के पौली गांव में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा की जा रही बड़ी लापरवाही सामने आई है। पौली गांव में महिलाओं को आंगनवाड़ी वर्कर द्वारा वैधता खत्म सैनेटरी पैड और चॉकलेट बांटी गई। महिलाओं ने जब चॉकलेट पर लिखी तारीख देखी तो उनकी वैधता खत्म मिली। जिस पर मंगलवार को महिलाएं जुलाना के महिला एवं बाल विकास विभाग में पहुंची तो वहां पर उन्हें कोई भी अधिकारी नही मिला। गांव पौली निवासी आरती, कविता, पूनम, गीता व सरोज ने बताया कि उन्हें वर्कर ने सैनेटरी पेड और चॉकलेट दी गई थी। घर आकर महिलाओं ने जब चॉकलेट की वैधता की तिथि देखी तो उस पर पांच फरवरी 2025 तक वैधता मिली और सैनेटरी पेड 2020 में बने हुए मिले। महिलाओं ने वर्कर द्वारा की जा रही लापरवाही के खिलाफ जांच की मांग की है।

वैधता खत्म चॉकलेट और सैनेटरी पेड हो सकता है घातकः बीपीएल परिवार की महिलाओं को आंगनवाड़ी द्वारा फ्री सैनेटरी पैड और चॉकलेट दिए जा रहे हैं लेकिन पौली में जो पैड और चॉकलेट बांटी है दोनों की वैधता खत्म हो चुकी थी। प्रयोग से महिलाओं के शरीर पर दुष्प्रभाव पड़ सकता था। अगर महिलाएं वैधता नही देखती तो इसकी जिम्मेवारी किसकी होती।



जुलाना। महिला एवं बाल विकास विभाग में पहुंची महिलाएं। फोटो :हरिभूमि

### गहनता से जांच होगी

सीडीपीओ जुलाना संतोष यादव ने बताया कि पौली गांव में सुपरवाइजर को भेज कर पूरे मामले की गहनता से जांच करवाएंगे। छानबीन के बाद ही पता चलेगा कि आंगनवाड़ी वर्कर ने लापरवाही क्यों की है।




जींद। वृद्ध आश्रम के लिए जाते छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

### हिंदू कन्या कालेज की छात्राओं ने वृद्धों को खिलाया खाना

जींद। हिंदू कन्या महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा गांव ईक्कस स्थित वृद्धाश्रम का दौरा किया गया। इस कार्यस्र5म की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डा. पूनम मोर ने की। छात्राओं के दल का नेतृत्व वाणिज्य विभाग की अध्यक्षा डा. उपासना गर्ग ने किया। वृद्धाश्रम में छात्राओं ने वृद्धजनों को भोजन परोसने और प्रसाद वितरित करने का काम किया। डा. उपासना ने कहा कि इस तरीके की गतिविधि से विद्यार्थियों में समाज के प्रति जिम्मेदारी और सेवा की भावना विकसित होती है और विद्यार्थियों का मनोबल व आत्मविश्वास बढ़ता है तथा हम समाज में समानता का भाव बनाए रखने में अपना योगदान देते हैं। प्राचार्या ने कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए वाणिज्य विभाग को बधाई दी। कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न करवाने में डा. सुषमा हुड्डा, रेखा सैनी, जसबीर काजल और कीर्ति बंसल का विशेष सहयोग रहा।

## खबर संक्षेप



### नशा मुक्ति मुहिम का किया स्वागत

**कैथल** । नशा मुक्ति अभियान में रविंद्र तोमर उर्फ देसी झोटा गांव ऐचरा कलां जिला जींद जो की बुग्गी को अपने हाथों से लेकर चल रहे हैं। इन्होंने पूरे हरियाणा में नशा मुक्ति का संदेश देते हुए आज कैथल के अंदर पहुंचे। इंस्पेक्टर श्यामलाल, नशा मुक्ति के एम्बेसडर पूर्व सैनिक एवं जिला परिषद वाइस चेयरमैन प्रतिनिधि फौजी कर्मवीर, पुलिस फोर्स के साथियों के दलबल के साथ कर रहे हैं।

### प्राचार्य डा. संजय गोयल और धर्मबीर का सम्मान

**कैथल।** आरकेएसडी कॉलेज के गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों ने दो सम्मानित सदस्यों को सम्मानित करने के लिए एक भावपूर्ण विदाई समारोह का आयोजन किया। डॉ. संजय गोयल, जिन्होंने 28 फरवरी को 38 वर्षों से अधिक की विशिष्ट सेवा देने के बाद प्रिंसिपल के रूप में सेवानिवृत्त हुए और धर्मवीर, जिन्होंने 42 वर्षों की असाधारण सेवा के बाद चपरासी के रूप में सेवानिवृत्त हुए। इस कार्यक्रम में कार्यालय अधीक्षक अनिल गर्ग, गौतम गोयल, जैदेव शर्मा, विशाल गोयल, अशोक कुमार, राजेश बग्गा आदि रहे।

### स्कूल को अपग्रेड करवाने को पंचायत

**कैथल** । गांव खानपुर के मिडिल स्कूल को सीनियर सेकेंडरी में अपग्रेड करवाने ओर स्कूल में प्रवेश बढ़ाने के उद्देश्य से एक बैठक का आयोजन सैनी चौपाल में किया गया। इस बैठक में गांव के सैकड़ों ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। बैठक का मुख्य मुख्य उद्देश्य स्कूल अपग्रेड करवाने के लिए विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाना था। इस बैठक में स्कूल डीडीओ हरपाल सिंह, स्कूल इंचार्ज रेखा देवी, सुरेंद्र,जोध सिंह,परवीन, लेक्चर सचिन धीमान,सरपंच प्रतिनिधि सोनू आदि रहे।

### होटल के निकट से कार चोरी, शिकायत

**कैथल** ।गांव शेरगढ़ के स्प्रिंगफील्ड होटल के निकट से चोर लाखों रुपये की कार चुराकर ले गए। रामगढ़ पांडवा के के सुमित ने तितरम पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 3 मार्च को वह अपनी गाड़ी को गांव शेरगढ़ के स्प्रिंगफील्ड होटल के सामने खड़ा कर चला गया। कुछ समय बाद जब वह वापस आया तो उसकी गाड़ी वहां से गायब मिली।

### कंबाइन से तेल व अन्य सामान चोरी, शिकायत

**कैथल।** कलायत पुलिस ने कंबाइन से तेल व अन्य सामान चुराने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव बालू के राजेश ने कलायत पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 1 मार्च को सोनू नामक युवक उसकी कंबाइन से तेल तथा लोहे का सामान चुरा कर ले गया। चुराए गए सामान की कीमत 30000 बताई गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# राजकीय स्कूल में मिड-डे मील वर्कर की नियुक्ति पर उठे सवाल

- सीएम को भेजी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

कलायत के मुख्य बाजार स्थित राजकीय माध्यमिक स्कूल में मिड डे मिल में कुक की नियुक्ति पर सवाल खड़े करते हुए एक महिला ने प्रदेश मुख्यमंत्री को शिकायत भेजी है। इसमें नियुक्ति प्रक्रिया में नियमों की अवहेलना के आरोप लगाए गए हैं। शिकायतकर्ता रोशनी देवी ने बताया कि उसके पास 5 वर्ष 3 माह मिड डे मिल में कुक का अनुभव है। इस आधार पर उसे प्राथमिक दी जानी चाहिए थी।



सीएम को भेजी शिकायत की प्रति दिखाती रोशनी देवी

लेकिन योग्यता को दरकिनार करते हुए अन्य की नियुक्ति आनन-फानन में शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने कर डाली। उनका कहना है कि वर्ष 2016 में अनाज मंडी में उन्होंने कुशलता से कुक पद पर सेवाएं दी। पाठशाला में बच्चों की संख्या कम होने पर सेवाओं को समाप्त किया गया था। उस समय शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने आश्वाशन दिया गया था कि जब कभी भी शहर कलायत के सरकारी स्कूल में किसी कुक का पद रिक्त होगा प्राथमिकता के आधार पर उन्हें नियुक्ति मिलेगी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इस नियुक्ति में ओबीसी ए को प्राथमिकता मिलनी चाहिए थी। क्योंकि पूर्व में इस पर पर संबंधित वर्ग की महिला ही सेवारत रही हैं। सेवाकाल के दौरान निधन होने के कारण पद रिक्त हुआ। बावजूद इसके शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने अपने ढंग से नियम बनाकर नियुक्ति कर डाली। खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय अनुसार मिड डे मिल प्रभारी अवकाश पर हैं। उनके ड्यूटी पर आने पर मिड डे मिल कुक पद पर हुई नियुक्ति से संबंधित पूरा विवरण लिया जाएगा। इसके उपरांत नियम अनुसार कार्रवाई होगी।

### फर्जी तरीके से सामान्य वर्ग की महिला को प्राथमिकता का आरोप

शिकायतकर्ता महिला ने बताया कि राजकीय प्राथमिक पाठशाला मुख्य बाजार में कुछ समय पहले कुक के पद पर कार्यरत प्रेम देवी का निधन हो गया था। वे ओबीसी ए जाति वर्ग से संबंधित थी। इस आधार पर दोबारा नियुक्ति में इसी वर्ग को प्राथमिकता मिलनी चाहिए थी। इसके लिए कई महिलाओं ने आवेदन किए थे। इसमें प्राथमिकता एवं अनुभव के अनुसार मेरी प्राथमिकता बनती थी। क्योंकि मेरे द्वारा 5 वर्ष 3 माह राजकीय प्राथमिक पाठशाला अनाज मंडी में अनुभव के साथ काम किया। बावजूद इसके फर्जी तरीके से सामान्य जाति वर्ग की महिला को प्राथमिकता दी गई। रोशनी देवी का आरोप है कि पाठशाला के मुख्य अध्यापक द्वारा नियुक्ति प्रक्रिया में मेरे पति को मृत दर्शाते हुए मुझे विधवा दर्शाया गया है। जबकि मेरे पति रामकुमार जिंदा हैं। पति को बार-बार जिंदा होने का प्रमाण देना पड़ रहा है। योग्यता के आधार पर रोजगार को पाने के लिए मेरे द्वारा 7 फरवरी 2023 को तत्कालीन मौजूदा शिक्षा मंत्री कंवर पाल गुर्जर को भी मांग पत्र दिया था। इसके आधार पर नियुक्ति की आस मुझे रही लेकिन अरमान बिखर गए।

### प्रधानमंत्री भ्रष्टाचार पर लगाया अंकुश : अशोक

**पूंडरी।** मुख्यमंत्री नायब सैनी के निकाय चुनाव में रैली प्रभारी एवं भाजपा के निर्वतमान जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को पारदर्शी सरकार दी और 10 वर्ष में कोई भ्रष्टाचार नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि मोदी ने देश को भ्रष्टाचार मुक्त सरकार देकर कीर्तिमान स्थापित किया है। 2014, 2019 और 2024 से अब तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगातार तीसरी बार देश की बागडोर संभाली है और इतने लंबे समय के दौरान किसी भी तरह के भ्रष्टाचार का कोई मामला सामने नहीं आया है जिसे केंद्र सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि माना जा सकता है।

## शामियाने में अंकित जैलदार के साथ-साथ उनके समर्थक भी दिन-रात डटे

# ईवीएम पर नजर रखने के लिए निर्दलीय प्रत्याशी ने स्ट्रांग रूम के पास लगाया तंबू

- समर्थकों ने दिन-रात डेरा डालने का निर्णय लिया है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

कलायत नगर पालिका स्ट्रांग रूम के अंदर रखी ईवीएम मशीनों पर नजर रखने के लिए प्रधान पद के निर्दलीय प्रत्याशी अंकित जैलदार ने तंबू लगा लिया है। नपा परिसर में लगाए गए शामियाने में अंकित जैलदार के साथ-साथ उनके समर्थकों ने दिन-रात डेरा डालने का निर्णय लिया है। इसके जरिये जहां ईवीएम मशीनों पर नजर रखी जा रही है वहीं टीम मतगणना के समीकरणों को जोड़ने में मशगूल है। सोमवार सांय स्थिति उस समय विवादित हो गई जब ईवीएम पर नजर रखने के लिए प्रशासन द्वारा लगाए गए सीसीटीवी कर स्क्रीन पर 3 मार्च 2025 की बजाए 3 जनवरी 2025 प्रदर्शित हुआ। इस पर निर्दलीय प्रत्याशी ने समर्थकों के साथ तत्काल एसडीएम अजय हुड्डा के समक्ष कड़ी आपत्ति दर्ज करवाई। अंकित जैलदार, एडवोकेट अमित राणा, सतीश कुमार, देवेंद्र राणा, रोबिन राणा, सुनील कुमार व दूसरे युवाओं ने कहा कि सीसीटीवी मौजूदा समय से मेल नहीं खा रहा। यह कैमरे की घड़ी में बड़ी गड़बड़ी का संकेत है। इस प्रकार की स्थिति में सीसीटीवी लाइव का कोई औचित्य नहीं रह जाता। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के निर्देश अनुसार पारदर्शिता बनाए रखना प्रशासन की जिम्मेवारी है। ऐसे में समय बड़ी जरूरत सीसीटीवी की गुणवत्ता को बेहतरीन बनाना है। जो कैमरे पालिका परिसर में लगाए गए हैं उनकी स्थिति दयनीय है। प्रशासन बिना देरी के व्यवस्था में सुधार करे।

चुनाव अधिकारी एवं एसडीएम अजय हुड्डा ने बताया कि सुरक्षा एवं व्यवस्था की मजबूती के लिए हर तरफ से प्रशासन सजग है। इसके तहत स्ट्रांग रूम के बाहर डबल लोक, शार्ट सर्किट की तमाम संभावनाओं के मद्देनजर बिजली आन-आफ सिस्टम की अलग से व्यवस्था, प्रवेश द्वार के इर्द-गिर्द लोहे की जाली, खिडकी-दरवाजों में ईंटों से दीवार का निर्माण, सीसीटीवी, सिंगल प्रवेश द्वार, हरियाणा आमर्ड फोर्स, हरियाणा पुलिस की मुस्तैदी व दमकल टीम के साथ-साथ तमाम पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। जिला उपायुक्त के निर्देश पर तीन ड्यूटि मैजिस्ट्रेट गतिशील हैं। इसमें बिजली निगम के एसडीओ अंकित कुमार, सरस्वती हैरिटेज के कार्यकारी अभियंता दिग्विजय व सिंचाई विभाग एसडीओ अरुण कुमार शामिल हैं।



**कलायत।** नगर पालिका परिसर में लगाए गए शामियाने में समर्थकों के साथ बैठे प्रधान पद के निर्दलीय प्रत्याशी अंकित जैलदार। *फोटो : हरिभूमि*



**कैथल।** स्ट्रांग रूम में तैनात पुलिस बल। *फोटो : हरिभूमि*

### स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम

**कैथल।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रीति ने कहा कि जिला की सीवन, कलायत व पूंडरी नगर पालिका के मतदान की समाप्ति के बाद सभी ईवीएम को संबंधित क्षेत्र के स्ट्रांग रूम में कड़ी सुरक्षा रखा गया है। इसके साथ ही तीसरी आंख यानि सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से भी निगरानी रखी जा रही है। अब 12 मार्च को मतगणना होगी। जिला प्रशासन की ओर से मतगणना को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। उन्होंने कहा कि कलायत नगर पालिका के लिए नगर पालिका कार्यालय भवन में, पूंडरी नगर पालिका के लिए एंग्लो संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पूंडरी में तथा सीवन नगर पालिका के लिए राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में स्ट्रांग रूम बनाए गए हैं, जहां पर जिला प्रशासन द्वारा सभी ईवीएम को रखा गया है। इन स्ट्रांग रूम में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था है, जिसमें हरियाणा पुलिस के कर्मी लगाए गए हैं। इसके अलावा स्ट्रांग रूम में सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं, जिनकी स्क्रीन स्ट्रांग रूम के बाहर रखी गई है। उम्मीदवार व उनके एजेंट इस स्क्रीन पर स्ट्रांग रूम को देख सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि स्ट्रांग रूम में ईवीएम की सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन द्वारा ड्यूटी मजिस्ट्रेट भी नियुक्त किए गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतगणना की तैयारियां जोरों पर शुरू हो गई है। मतगणना में लगे स्टाफ की रेंडमाइजेशन की जाएगी। इसके साथ-साथ उनकी ट्रेनिंग भी आयोजित की जाएगी। 12 मार्च को मतगणना होगी।



**पूंडरी।** स्ट्रांग रूम के बाहर पहरा देते पुलिस कर्मचारी

# पूंडरी में स्ट्रांग रूम की सुरक्षा पर उठा सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

पूंडरी नगरपालिका चुनाव के मतदान के बाद अब प्रत्याशियों की किस्मत इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में बंद हो चुकी है। इन मशीनों की सुरक्षा को लेकर आजाद उम्मीदवार बबली गोस्वामी ने सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि स्ट्रांग रूम के बाहर जो डीवीआर कैमरा लगाया गया है, उसकी स्क्रीन बहुत छोटी है, जिससे कुछ स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं देता। बबली गोस्वामी ने यह भी कहा कि यदि वे सुरक्षा को लेकर अपने समर्थकों को वहां बैठाना चाहती हैं, तो उन्हें इसकी अनुमति नहीं दी जा रही है। जब वे स्वयं स्ट्रांग रूम की सुरक्षा की निगरानी के लिए जाती हैं, तो उन्हें काफी दूर बैठने के लिए कहा जाता है, जहां से लगे एलईडी स्क्रीन पर कुछ भी स्पष्ट नहीं दिखता। उनका कहना है कि सुरक्षा व्यवस्था में लगे सीसीटीवी कैमरे भी हवा चलने पर हिल जाते हैं और कभी-कभी बंद हो जाते हैं। बबली गोस्वामी ने जिला उपायुक्त (डीसी) कैथल से अपील की है कि उन्हें भी ईवीएम की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए स्ट्रांग रूम के पास बैठने की अनुमति दी जाए। हालांकि प्रशासन कड़ी सुरक्षा व्यवस्था का दावा कर रहा है, लेकिन उम्मीदवार बबली गोस्वामी और उनके समर्थकों की चिंताएं बनी हुई हैं। वे इस बात पर जोर दे रही हैं कि प्रत्याशियों को भी ईवीएम की निगरानी के लिए उचित सुविधाएं मिलनी चाहिए। अब देखना यह होगा कि प्रशासन उनकी मांगों को लेकर क्या कदम उठाता है और क्या उम्मीदवारों की चिंताओं को दूर करने के लिए कोई अतिरिक्त व्यवस्था की जाती है या नहीं।

#### प्रशासन का दावा सुरक्षा पूरी तरह से पुख्ता

स्ट्रांग रूम की सुरक्षा को लेकर प्रशासन का कहना है कि वहां कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। पूंडरी के एएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बनाए गए स्ट्रांग रूम में सुरक्षा के लिए 3 ड्यूटी मैजिस्ट्रेट और हरियाणा सशस्त्र बल के 15 जवान तैनात किए गए हैं। ये जवान 24 घंटे पहरा दे रहे हैं। स्ट्रांग रूम में कुल 6 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जो लगातार काम कर रहे हैं।

# बॉडी बिल्डिंग में दिखाई प्रतिभा

- प्रतियोगिता के विजेताओं को किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

चंडीगढ़ बॉडीबिल्डिंग और फिजीक स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित 13वीं मिस्टर और मिस चंडीगढ़ बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप जीजीडीएसडी कॉलेज, सेक्टर 32, चंडीगढ़ में संपन्न हुई। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि जिला परिषद कैथल के पूर्व चेयरमैन दीप मलिक जाखौली ने भाग लिया। प्रतियोगिता में पुरुषों की बॉडीबिल्डिंग, पुरुषों की स्पोर्ट्स फिजीक, पुरुषों की एथलेटिक फिजीक और महिलाओं की स्पोर्ट्स फिजीक श्रेणियों में मुकाबले हुए। प्रतियोगिता में 200 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिन्होंने विभिन्न भार वर्गों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। दीप मलिक जाखौली ने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रहकर खेलों में बढ चढ़कर भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज युवा खेलों को अपना करियर बना रहे हैं जो अच्छी बात है। बाद में अव्वल रही प्रतिभागियों को दीप मलिक द्वारा सम्मानित भी किया गया।



**कैथल।** जिला परिषद कैथल के पूर्व चेयरमैन दीप मलिक जाखौली खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# जल संरक्षण पर कार्यशाल का आयोजन

- मंगलवार को जल जीवन मिशन के अंतर्गत किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग एवं जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन की ओर से गुहला बीडीपीओ सभागार में में एकदिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला का आयोजन करवाया गया। कार्यशाला में गुहला खंड के 22 गाँवों के सरपंचों, पंचों, ग्राम सचिवों व स्वयं सहायता समूह ने भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यशाला में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग वासो के जिला सलाहकार दीपक कुमार मुख्य वक्ता रहे। इस अवसर पर जिला सलाहकार दीपक कुमार ने बताया कि जल पर्यावरण का जीवनदायी तत्व है। पारिस्थितिकी के निर्माण में जल आधारभूत कारक है। वनस्पति से लेकर जीव-जंतु अपने पोषक तत्वों की प्राप्ति जल के माध्यम से करते हैं। भारत में हर साल करीब 40 करोड़ हैक्टेयर मीटर पानी मिलता है। उसका खर्च तीन प्रकार से होता है। 7 करोड़ हैक्टेयर मीटर भाप बनकर उड़ जाता है , 11.5 करोड़ हैक्टेयर मीटर नदियों आदि से बहता है, शेष 21.5 करोड़ हैक्टेयर मीटर जमीन में जज्ब हो जाता है। फिर इन तीनों में लेन-देन चलता रहता है। जमीन में जज्ब होने वाले 21.5 करोड़ हैक्टेयर मीटर पानी में से 16.5 करोड़ हैक्टेयर मीटर पानी मिट्टी की नमी बनाए रखता है और बाकी 5 करोड़ हैक्टेयर मीटर जल भूमिगत जल स्त्रोतों में जा मिलता है। पिछले कुछ सालों के दौरान पेड़ों की कटाई अंधाधुंध हुई, सो बारिश का पानी सीधे जमीन पर गिरता है और मिट्टी की ऊपरी परत को काटते हुए बह निकलता है। इससे नदियों में मिट्टी अधिक पहुंचने के कारण वे उथली तो हो रही है, साथ ही भूमिगत जल का भंडार भी प्रभावित हुआ है। इसके विपरीत नलकूप, कुओं आदि से भूमिगत जल का खींचना बेतरतीब बढ़ा है। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग कैथल के रसायनज्ञ, सुभाष चंद ने पानी की जांच के लिए फील्ड टेस्टिंग किट के बारे में विस्तार से जानकारी दी और पानी की गुणवत्ता के बारे में भी बताया। फील्ड टेस्टिंग कीट के बारे में भी जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि फील्ड टेस्टिंग कीट में पानी डालकर रखने के बाद 30 से 35 डिग्री तापमान पर 12 से 24 घंटे में पानी की गुणवत्ता का प्रमाण मिल जाएगा।



कैथल। जल जीवन मिशन के तहत प्रशिक्षण देते हुए जिला सलाहकार दीपक कुमार।

# गांव फतेहपुर में 108 पौधारोपण अभियान के तहत लगाए पौधे

- सिर्फ पेड़ लगाना ही नहीं, बल्कि उनकी देखभाल करना भी हमारी जिम्मेदारी : कंवरजीत वालिय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी गांव फतेहपुर में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वृक्षारोपण अभियान शुरू किया गया। इस अभियान का शुभारंभ श्मशान घाट (राम बाग), फतेहपुर में किया गया, जहां समाजसेवियों और ग्रामीणों ने मिलकर पौधे लगाए। इस वर्ष कम से कम 108 पेड़-पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। शुभारंभ कार्यक्रम में गुलर, अशोक, कैक्टस, कनेर और गुलाब सहित 31 पौधे रोपे गए। इस अवसर पर समाजसेवी कंवरजीत वालिया ने विशेष रूप से भाग लिया और अपने हाथों से पौधे लगाकर पर्यावरण बचाने का संदेश दिया। इस मौके पर बूटा सिंह, पप्पू बाल्मीकि, ईश्वर सिंह बैरागी, हेमंत समेत कई स्थानीय लोग उपस्थित रहे और उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा कि सिर्फ पेड़ लगाना ही नहीं, बल्कि उनकी देखभाल करना भी हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि शुद्ध पर्यावरण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाना आवश्यक है।



गांव फतेहपुर में 108 पौधारोपण अभियान का शुभारंभ करते

## संकल्प शिविर का उद्देश्य सबका साथ-सबका विकासः कर्मबीर

# पात्रों तक योजनाओं को पहुंचाने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

समाजसेवी सांसद कुरुक्षेत्र नवीन जिन्दल की ओर से कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में नवीन संकल्प शिविरों का लगातार सफल आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में पात्र नागरिकों के सरकारी कागजातो की खामियां दूर कर, सरकारी योजनाओं का लाभ देने का सहरानिया काम लगातार किया जा रहा है।

कार्यालय प्रभारी शंकर गोयल ने बताया कि इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के पात्र,अधिक से अधिक नागरिकों को लाभान्वित करना है। मंगलवार को गांव जाखौली कमान पट्टी के पंचायत घर में सुबह 10 से 4 बजे तक नवीन संकल्प शिविर का सफल आयोजन किया गया।कैंप का शुभारंभ अनिल मलिक भाजपा जखौली मंडल अध्यक्ष ने किया। हल्का प्रभारी कर्मबीर सिसोदिया ने बताया कि आज के नवीन संकल्प शिविर में 15 लोगों को कागजात और नवीन जिन्दल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना संबंधी सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई। मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से 160 लोगों को निशुल्क परामर्श और दवाइयां दी गई।

इसके अलावा 30 लोगों के निशुल्क टेस्ट किए गए। उन्होंने बताया कि सांसद जिन्दल का प्रयास है कि कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र का प्रत्येक व्यक्ति नवीन जिन्दल फाउंडेशन के माध्यम से दी जा रही सुविधाओं का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि सांसद नवीन जिंदल लगातार जनहित सामाजिक व मानव हित के कार्य करते रहे हैं। इस प्रकार के कार्य उनके लिए राजनीतिक कार्य न होकर सामाजिक व मानवीय कार्य होते हैं। सिसोदिया ने कहा कि संकल्प शिविर का उद्देश्य, सबका साथ-सबका विकास है। संसदीय क्षेत्र के लोगों की इस प्रकार की बिना किसी लोभ लालच के निरंतर सेवा करने से नवीन जिंदल लगातार मानव हित के कार्य कर रहे हैं। इस दौरान नवीन जिंदल के ऑफिस से राहुल शर्मा, सुमित गोयत, रकम सिंह काकोत,नरेश कुमार ब्लॉक समिति मेंबर, सुनील, अमन, गुरदेव, प्रवीन, काली, कर्मबीर, राजु रविश,पवन कौशिक, रिंकू ,राजेश पंच, सुभाष पंच, प्रवीन पंच, वकील पंच,देवेन्द्र व अन्य मौजूद रहे।



**राजौंद।** गांव जाखौली में शिविर के दौरान ग्रामीण व अन्य।

**खबर संक्षेप**

### 447 ग्राम अफीम के साथ एक गिरफ्तार

**जींद।** सफीदों अपराध शाखा पुलिस ने एक युवक को 447 ग्राम अफीम के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए युवक की पहचान गांव अंजनी, जिला बरेली निवासी संतोष के रूप में हुई है। सफीदों शहर थाना पुलिस ने गिरफ्तार युवक के खिलाफ नशीले पदार्थ तस्करी निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है।

### कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की जान गई

**गुहला-चीका।** चीका शहर में कैथल रोड पर कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। युवक शाम के समय चीका से अपने घर कांगथली गांव आ रहा था। जैसे ही वह कैथल रोड पर पहुंचा तो एक अज्ञात कार चालक ने उसे टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। इस मामले में चीका थाना में युवक के चाचा की शिकायत पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### दूसरे की जगह परीक्षा देता विद्यार्थी दबोचा

**जींद।** नरवाना स्थित राजकीय कन्या वमावि में एक छात्र को दूसरे के स्थान पर परीक्षा देते काबू किया है। नरवाना शहर थाना पुलिस ने पकड़े गए छात्र के खिलाफ मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है। पकड़े गए युवक की पहचान डूमरखां गांव निवासी गौरव के रूप में हुई है। नरवाना स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय केंद्र अधीक्षक मनरूप ने पुलिस को शिकायत दी है।

### दुकान से चोरी करने के मामले में आरोपी दबोचा

**कैथल।** चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले आरोपियों पर एसपी राजेश कालिया के आदेशानुसार शिकंजा कसते एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ ने एक आरोपी को काबू कर 3 दिन पुलिस रिमांड हासिल किया गया था। रिमांड दौरान आरोपी ने कुल 5 चोरी की वारदातें कबूली है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि कुराड़ निवासी सचिन की शिकायत पर केस दर्ज किया था।

### लड़की को बहला-फुसला कर ले जाने पर केस दर्ज

**जींद।** गढ़ी थाना पुलिस ने लड़की को बहला फुसला भगा ले जाने पर एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गढ़ी थाना क्षेत्र के गांव के रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत एक मार्च को वह अपनी बेटी को घर पर छोड़ कर कार्यवश रिश्तेदार के पास टोहाना गया था। जब वह दोपहर वापस को लोआ तो उसकी बेटी घर पर नही मिली।

### हेरोइन सहित 2 नशा तस्कर गिरफ्तार

**कैथल।** एंटी नारकोटिक सेल द्वारा थाना शहर क्षेत्र से 2 नशा तस्करों को 4.34 ग्राम हेरोइन सहित काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एंटी नारकोटिक सेल प्रभारी एसआई सिंह राज की अगुवाई में एएसआई राजेश कुमार टीम शाम के समय गश्त दौरान बाबा लदाना रोड़ कैथल के पास मौजूद थी। सहयोगी सुत्रो से गुप्त जानकारी मिली कि क्योड़क निवासी महावीर व सन्नी हेरोइन चिट्टा पीनो व बेचने के आदि है।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आठ को

**नरवाना।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश यशवीर सिंह राठौर के निर्देशानुसार स्थानीय न्यायिक परिसर में आगामी 8 मार्च को सुबह दस बजे राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। सब डिविजनल ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट एवं उपमंडल स्तरीय विधिक सेवाएं समिति के चेयरमैन संदीप कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को आयोजित होगी।

### कैथलः लाठी और डंडों से मारपीट कर किया घायल

**कैथल।** गांव क्योड़क में हुई मारपीट में एक व्यक्ति घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। क्योड़क के सुरता राम ने पुलिस को शिकायत में आरोप लगाया है कि 27 फरवरी को गांव के ही समे सिंह और मोनू ने मिलकर उसे पर लाठी और डंडों से मारपीट करते हुए उसे घायल कर दिया था।

## लेवल सही ना होने का लगाया आरोप

# टीटोखेड़ीवासियों ने रेलवे पुलिया का काम रुकवाया

### ड्रेन की पानी निकासी के लिए बनाई जा रही पुलिया

अगर सही से निर्माण नहीं किया तो बरसाती पानी खेतों व गांव को डुबो देगा: किसान



**सफीदों।** बनाई जा रही पुलिस के पास एकत्रित किसान। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सफीदों

सफीदों उपमंडल के गांव टीटोखेड़ी के ग्रामीणों ने ड्रेन के पानी की निकासी के लिए बनाई जा रही रेलवे पुलिया का कार्य लेवल सही ना होने को लेकर मंगलवार को रूकवा दिया। ग्रामीणों का साफ कहना था कि जब तब लेवल पहले जैसा नहीं किया जाएगा तब तक के इस कार्य को शुरू नहीं होने देंगे। ग्रामीणों का कहना था कि उनके गांव में से गांव जोशी, कवी, धर्मगढ़ व करसिंधू से होते हुए एक ड्रेन गुजरती है। यह ड्रेन रेलवे लाईन के नीचे से गुजरते हुए आगे निकल जाती है। इस ड्रेन के माध्यम से बरसाती व गंदे पानी की निकासी होती है। रेलवे लाइन के नीचे बनी पुलिया की अब मियाद पूरी हो चुकी है। जिसके चलते रेलवे विभाग द्वारा नई पुलिया का निर्माण शुरू करवा दिया गया है लेकिन ठेकेदार इस पुलिया को गलत तरीके से बनाया जा रहा है। पुलिस निर्माण के लिए नीचे बिछाया गया बैड ड्रेन की तलहटी से करीब चार फीट ऊंचा बिछा दिया गया है। इस गलत तरीके से बिछाए गए बैड के कारण इस ड्रेन में निकासी प्रभावित होगी। क्योंकि पानी आगे नहीं जा पाएगा और अनेक गांवों पानी आकर उनके गांव में रूक जाएगा। ग्रामीणों का कहना था कि बरसात के दिनों में तो यह ड्रेन पानी से भर कर चलती है। अगर इसका सहीं से निर्माण नहीं किया गया तो बरसाती पानी उनके खेतों व गांव को डुबो देगा। अगर इसी प्रकार से रेलवे विभाग व ठेकदार लापरवाही दिखाता रहा तो उनके सामने जिदंगी भर के लिए निकासी की समस्या खड़ी हो जाएगी। ग्रामीणों ने साफ किया कि जब तक इस पुलिया के बनाया गया बैड का लेवल सही नहीं किया जाता तब वे किसी भी सूरत में इस कार्य को शुरू नहीं होने देंगे।

**जांच करवाएंगे**

रेलवे के कंस्ट्रक्शन अधिकारी संदीप कल्याण ने बताया कि इस समस्या की जांच करवाएंगे। अगर लेवल ठीक नही है तो उसे दुरूस्त करवाया जाएगा। किसानों को किसी प्रकार की समस्या नहीं आने दी जाएगी।

# गतौली में पेयजल किल्लत से त्रस्त ग्रामीण पहुंचे जलघर, जताया रोष

### अधिकारियों ने दिया आश्वासन तो माने ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद



**जींद।** जलघर में पहुंचे ग्रामीणों की समस्या सुनते अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

जुलाना क्षेत्र के गतौली गांव में पेयजल किल्लत से परेशान ग्रामीण मंगलवार को जलघर पहुंचे और रोष प्रकट किया। ग्रामीणों ने कहा कि गांव में जो पानी सप्लाई किया जाता है वो किसी भी लिहाज से पीने लायक नही है। पानी का टीडीएस ज्यादा होने के कारण ग्रामीणों ने चर्म और पेट के रोग पनप रहे हैं। गांव में जलघर भी बनाया गया है लेकिन सफेद हाथी साबित हो रहा है। जलघर में जो टेंक बनाए गए हैं वो भी गंदगी से अटे पड़े हैं। ग्रामीणों की मांग है कि उन्हें नहर के पानी की सप्लाई दी जाए। ग्रामीणों ने कहा कि कई बार वो इसकी शिकायत भी कर चुके हैं लेकिन कोई भी समाधान नही हो पाया है। ग्रामीणों में प्रशासन के रवैये को लेकर रोष बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर एक माह में समाधान नही हुआ तो वो कोई भी बड़ा कदम उठाने से गुरेज नही करेंगे। सूचना पाकर जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता मौके पर पहुंचे व ग्रामीणों को समाधान का आश्वासन दिया।

## दो नशा तस्करों को 10-10 वर्ष की कैद-जुर्माना ठोका

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कैथल

अतिरिक्त सैशन जज डा. नंदिता कौशिक ने स्मैक रखने के जुर्म में महिला सहित दो लोगों को दस-दस साल की कैद व एक-एक लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माने न देने पर एक-एक वर्ष की अतिरिक्त कैद काटनी होगी। केस में एक आरोपी चैन सिंह को अदालत ने बरी कर दिया जबकि एक अन्य विरेन्द्र उर्फ लाडी पीओ चल रहा है। इस संबंध में एएसआई दलशेर सिंह ने थाना राजौंद में केस दर्ज करवाया था। अभियोजन पक्ष की ओर से केस की पैरवी उप जिला न्यायवादी सुखदीप सिंह ने की। बताया कि एक जांच के सिलसिले में पुलिस की टीम जींद जा रही थी। पुलिस को सूचना मिली कि गोपी उर्फ गोपाला निवासी खरकां राजस्थान, मध्य प्रदेश बगैरा से ला स्मैक की तस्करी करता है। वह दो दिन पहले स्मैक लेने के लिए लाडी निवासी सफीदों व गुरप्रीत कौर निवासी स्लेमपुर को लेकर राजस्थान गया था।

### कैथल पहुंचे करनाल रेंज करनाल आईजी कुलदीप

**कैथल।** करनाल रेंज करनाल आईजी कुलदीप यादव पदभार ग्रहण करने के बाद मंगलवार को पहली बार कैथल पहुंचे। इससे पहले वह जिले में डीएसपी और एसपी के पद पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। उनके आगमन पर कैथल एसपी राजेश कालिया ने पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। एसपी सहित डीएसपी बीर भान, डीएसपी कुलदीप बेनीवाल, डीएसपी गुरविंद्र सिंह, डीएसपी सुशील प्रकाश व डीएसपी ललित बैठक में मौजूद रहे। आईजी यादव ने पुलिस अधिकारियों को सतर्क रहने व जिले में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। आईजी ने जिले में अपराध की स्थिति की गहन समीक्षा की व अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# एसडीएम ने शहर में साफ-सफाई के लिए जनता का सहयोग मांगा

- एसडीएम ने किया चीका शहर में विभिन्न स्थानों का दौरा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गुहला-चीका



**गुहला-चीका।** एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह शहर का दौरा करते। फोटो :हरिभूमि

एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने मंगलवार को चीका शहर का दौरा किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने शहर की साफ-सफाई व्यवस्था, ट्रैफिक व्यवस्था, अतिक्रमण व सड़कों के दुरूस्तीकरण को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। दौरे के दौरान एसडीएम ने मेन मार्किट, सैक्टर तथा अन्य स्थानों पर निरीक्षण किया और नगर पालिका सचिव को निर्देश जारी किए कि शहर में कहीं पर भी गंदगी नहीं होनी चाहिए। समय-समय पर एकत्रित कूड़े का सही तरीके से निपटान किया जाए। लोक निर्माण विभाग के अधिकारी सड़कों का निरीक्षण करें और जहां भी सड़कें टुटी हुई हैं, उन्हें दुरूस्त करवाएं। सड़कों पर नियमानुसार साईन बोर्ड लगवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने आमजन से भी आह्वान किया कि वे यातायात नियमों का पालन करें।

# गुहलाः अवैध निर्माण पर चलाया पीला पंजा

- डीटीपी राज कीर्ति बतौर ड्यूटी मजिस्ट्रेट तैनात रहीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गुहला-चीका



**गुहला-चीका।** अवैध कब्जों को हटाती जेसीबी। फोटो :हरिभूमि

जिला नगर योजनाकार कार्यालय ने जिला प्रशासन के सहयोग से कैथल के अधीन शहरी क्षेत्र कैथल की विभिन्न राजस्व संपदाओं में विकसित हो रही अवैध कालोनियों में बने अवैध निमार्णों पर जेसीबी चलाकर हटाया गया। डीटीपी राज कीर्ति बतौर डयूटी मजिस्ट्रेट तैनात रहीं। बताया कि डीटीपी कार्यालय का अमला पुलिस बल के साथ अवैध कॉलोनी को हटाने के लिए जेसीबी सहित मौके पर पहुंचा। पहले ग्योंग फार्म आऊस कालोनी में विकसित हो रही अवैध कालोनी को हटाने के लिए पहुंचा, जहां जेसीबी मशीनों की सहायता से चारदिवारी, डीपीसी, दो पक्की सड़कें हटाई गई। इसके बाद पट्टी कायस्थ सेठ में विकसित हो रही अवैध कालोनी को हटाने के लिए डीटीपी कार्यालय का अमला पहुंचा, जिसमें चार दिवारी, पक्की सड़क, बिजली के इलैक्ट्रिक पोल्सव डीपीसी को ध्वस्त किया गया। इसके बाद पट्टी अफगान में निर्मित एक अवैध निर्माण के शैड व पीलरों का हटाया गया तथा उसके बाद पट्ट खोत में एक अन्य विकसित हो रही कालोनी में तोड़फोड की कार्रवाई की गई, जिसमें चार दिवारी, डीपीसी, गली, कालोनी के अंदर बनी एक फैक्ट्री व उसमें बने कार्यालय को हटाया गया।

### अवैध निर्माण सहन नही

उन्होंने कहा कि जिले में जितनी भी अवैध कालोनियां हाल ही में विकसित हो रही हैं, उन सब पर समय नियोजित एवं कानून सम्मत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी एवं किसी भी प्रकार के अवैध निर्माण को बख्शा नहीं जाएगा। इन सभी अवैध कालोनियों को भू स्वामियों और प्रॉपर्टी डीलरों को एचडीआर एक्ट 1975 की धाराओं के तहत नोटिस जारी करके निर्माण विकसित करने के लिए जरूरी अनुमति प्राप्त करने वाले आदेश दिए गए थे, लेकिन भू-स्वामियों द्वारा न तो मौके पर बनाए जा रहे अवैध निर्माण को रोका गया और न ही विभाग से किसी प्रकार की अनुमति के लिए आवेदन किया गया। इसके बाद एचडीआर. एक्ट 1975 के प्रावधानों के अनुसार जिला प्रशासन की मदद से उक्त तोड़-फोड़ की कार्रवाई की गई।

# सीट बेल्ट लगाकर बस चलाएं

- रोडवेज महाप्रबंधक ने किया चार बसों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद



**जींद।** बस की जांच करते रोडवेज जीएम राहुल जैन। फोटो :हरिभूमि

जींद रोडवेज डिपो के महाप्रबंधक राहुल जैन मंगलवार को एक्शन मोड में दिखे। महाप्रबंधक ने चार बसों का निरीक्षण किया। सबसे पहले वह सिरसा डिपो की बस में चढ़े। पहले उन्होंने फस्ट एड बॉक्स की जांच की। फस्ट एड बॉक्स में दवाइयां पर्याप्त मात्रा में नही थी। इसके अलावा फायर सिलेंडर की भी जांच की तो एक्सपायर मिला। उन्होंने सिरसा डिपो के कर्मचारी को निर्देश दिए कि वह अपने वर्कशॉप मैनेजर से कह कर बस में फायर सिलेंडर और फास्ट एड बॉक्स किट में दवाइयां उपलब्ध करवाएं। इसके बाद उन्होंने जींद डिपो की बस का निरीक्षण किया। जींद डिपो की बस में लगे फस्ट एड बॉक्स में भी दवाइयां नहीं मिली और न ही फायर सिलेंडर मिला। वहीं उन्होंने बस के चालक को सीट बेल्ट लगाकर बस चलाने के निर्देश दिए। फिर जीएम ने परिवहन समिति की एक बस का निरीक्षण किया। परिवहन समिति की बस में फस्ट एड बॉक्स में दवाइयां सही मात्रा में मिली। दवाइयों की एक्सपायरी डेट चेक की तो वह 2028 तक थी। वहीं बस में रखे फायर सिलेंडर की एक्सपायरी डेट अप्रैल 2025 तक थी। इसके बाद उन्होंने एक ओर रोडवेज बस का निरीक्षण किया।

### 12वीं की परीक्षाः कैथल में बना नकल का पहला केस

**कैथल।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 12वीं की दूसरी परीक्षा मंगलवार को संपन्न हुई। जिले में नकल का पहला केस सामने आया है। मंगलवार को 12वीं की फिजिक्स व अर्थशास्त्र विषय की परीक्षा आयोजित की गई। बता दें कि प्रदेश में बढ़ रहे नकल के मामले सामने आने के बाद प्रशासन सतर्क है। इसके तहत पुलिस प्रशासन की ओर से परीक्षा केंद्रों के बाहर व आस-पास के क्षेत्रों में पुलिस टीमों की गश्त बढ़ाई गई है। इसके बावजूद शहर के एक परीक्षा केंद्र में नकल का केस बना है। जिले में बोर्ड की परीक्षा के लिए 75 परीक्षा केंद्र बनाएं गए हैं। इसके साथ ही नकल रोकने के लिए डीसी ने अपने स्तर पर उड़न दस्ता टीमों का गठन किया है। इस समय डीसी की ओर से 11 और छह बोर्ड की उड़न दस्ता टीमें परीक्षा केंद्रों पर पहुंचकर जांच कर रही है। इन टीमों की ओर से नकल रोकने के लिए किए गए प्रबंधों पर भी जांच की जाती है।



**जींद।** मांगों को लेकर कार्यवाहक सीएमओ को ज्ञापन सौंपते सीएचओ।

### अधिकारियों ने कार्यवाहक सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

**जींद।** नेशनल हेल्थ मिशन के सर्विस बाय लॉज 2018 के लाभ फ्रिज किए जाने पर एनएचएम तहत कार्यरत सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों (सीएचओ) ने रोष जताया है। इसी रोष के तहत जिला में तैनात 96 सीएचओ ने मांगों को लेकर कार्यवाहक सीएमओ डा. पालेराम से मंगलवार को मुलाकात की और मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। कर्मियों ने चेताया कि फैसले से उन्हें कोई वित्तीय नुकसान होता है तो वे आंदोलन व अदालत का रास्ता लेंगे। सीएचओ डा. मोहन, डा. विक्रम यादव, डा. दीपक, डा. सपना, डा. प्रीति, डा. अंकित, हिना, जितेंद्र ने बताया कि उनकी भर्ती बायलॉज के तहत की थी व साथ में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों से बॉड भी भरवाया गया था। अब सरकार इनके साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। मिशन निदेशक एनएचएम के सर्विस बाय लॉज 2018 के लाभ 27 जून 2024 के बाद फ्रिज कर दिए गए हैं। इस निर्णय के बाद जिले में कार्यरत सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों यानि सीएचओ में अपने वित्तीय नुकसान का डर बना हुआ है। इस पत्र के बाद उनका जुलाई में लगा इंक्रीमेंट भी रोक लिया गया है।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से राहगीर की मौत

**जींद।** जींद-गोहाना मार्ग पर गांव ललितखेड़ा के निकट अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक पैदल जा रहा था, जिसे अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। घटना की सूचना मिलने पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने मृतक के शव का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया है। लुदाना निवासी गुलाब सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उन्होंने अपने मकान गांव ललितखेड़ा से करीब दो किलोमीटर दूर अपने खेतों में बना रखे हैं। उसका भाई फूल सिंह सोमवार शाम को ललित खेड़ा से पैदल घर के लिए चला था। उसके कुछ देर बाद वह भी ललित खेड़ा बस स्टैंड से पैदल घर के लिए निकला। ललितखेड़ा बस स्टैंड से करीब आधा किलोमीटर दूर उसका भाई सड़क पर घायल अवस्था में पड़ा था।

**खुशखबरी** — सब हेल्थ सेंटर निर्माण के लिए जारी हुआ सात करोड़ 70 लाख रुपये का बजट

# जिले के चौदह गांवों में सब हेल्थ सेंटर के बनाए जाएंगे नए भवन

नए भवनों में सभी जरूरत की सुविधाएं स्वास्थ्य कर्मियों को उपलब्ध करवाई जाएंगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद


जींद के लोगों के लिए खुशखबरी है। जिला के 14 गांवों में स्वास्थ्य विभाग द्वारा नए सब हेल्थ सेंटरों के भवन बनाए जाएंगे। इसके लिए सात करोड़ 70 लाख का बजट जारी हुआ है। पिछले लगभग तीन साल पहले इन सब सेंटरों को कंडम घोषित किया गया था। इसके बाद इनके बजट का इंतजार बना हुआ था। अब सरकार ने इनके लिए बजट जारी कर दिया है। तीन वर्ष पहले स्वास्थ्य विभाग की तरफ से जिला स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को पत्र जारी कर कंडम हुए भवनों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। मुख्यालय की तरफ से जारी निर्देशों में स्पष्ट किया गया था कि कि प्रत्येक हेल्थ सब सेंटर के निर्माण पर 55.50 लाख रुपये की राशि खर्च की जाएगी। जिले में अब 14 सब सेंटरों का निर्माण किया जाएगा। पहले इन भवनों के निर्माण का काम पीडब्लयूडी विभाग को दिया गया था लेकिन अब पंचायती राज विभाग को इन भवनों के निर्माण का काम दिया गया है। इसके लिए बजट जारी कर जल्द काम शुरू करने के निर्देश भी दिए हैं। गांवों में स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने के लिए हथवाला, बुवाना, गोसाईखेड़ा, ढिगाना, नंदगढ़, अमरहेड़ी, शामदों, बधाना, मोरखी, रिटोली, हरीगढ़, सच्चाखेड़ा, संडील व झील गांव में सब हेल्थ सेंटर बनाए जाएंगे। इन गांवों में काफी समय पहले सब हेल्थ सेंटर बने थे जो अब पूरी तरह से कंडम हो चुके थे। इनके नए भवनों के निर्माण को लेकर लगभग तीन वर्ष से प्रक्रिया चली हुई थी। जिसका अब बजट मिलने के बाद पूरा होने की उम्मीद बनी है। कई गांवों में तो यह सब हेल्थ सेंटर इतने कंडम हो चुके थे कि स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिए यहां पर बैठना भी मुश्किल बना हुआ था। कई जगह तो निजी भवनों में बैठकर स्वास्थ्य सुविधाएं दी जा रही थी। अब ग्रामीणों व स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों के लिए भी यह राहत भरी खबर है। नए भवनों में लैब से लेकर अन्य सभी जरूरत की सुविधाएं स्वास्थ्य कर्मियों को उपलब्ध करवाई जाएंगी।

**सब हेल्थ सेंटर निर्माण के लिए मिला बजट : डा. रमेश**

नागरिक अस्पताल के डिप्टी सीएमओ डा. रमेश पांचाल ने बताया कि जिले के 14 सब हेल्थ सेंटर निर्माण पर प्रत्येक 55.50 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। यह काम पंचायती राज विभाग को दिया गया है। जल्द ही काम शुरू करवाया जाएगा। जिले में 14 हेल्थ सब सेंटर बनने से लोगों को गांवों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी। इसके लिए सरकार ने बजट जारी कर दिया है।

# अब वीडियों कांफ्रेंस से होगी अधिकारियों की पेशीः डीसी

**कैथल।** जब तक अधिकारियों व कर्मचारियों को न्यायालय द्वारा व्यक्तिगत रूप से न्यायालय में पेशी के निर्देश नहीं होंगे, तब तक कर्मचारी व अधिकारी वीसी के माध्यम से संबंधित न्यायालय में पेश होंगे। इसके लिए लघु सचिवालय के द्वितीय तल पर विशेष रूप से वीसी कक्ष तैयार किया है। जिसमें सभी अत्याधुनिक सुविधाएं जुटा ली गई हैं। डीसी प्रीति ने कहा कि अब अधिकारियों व कर्मचारियों को व्यक्तिगत पेशी या गवाही के लिए माननीय न्यायालयों में जाने की जरूरत नहीं है। गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव के आदेशानुसार लघु सचिवालय के द्वितीय तल पर वीडियो कांफ्रेंस रूम तैयार किया गया है। जहां वीसी से पेशी करवाने की व्यवस्था की गई है। इसके लिए यहां पर कम्प्यूटर, इंटरनेट, कैमरा, डिस्पले यूनिट, डाक्यूमेंट विजुवलाइजेशन, बैठने और निर्बाध बिजली आदि सहित अन्य सुविधाएं मुहैया करवाई गई है।



जतिन सहारण
को जन्मदिन पर परिवार की तरफ से शुभकामनाएं